

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

UTTHIN/2022/85670

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026



वर्ष : 04 | अंक : 29 | हरिद्वार | शनिवार, 2 अगस्त, 2025 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4


## भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और मुख्यमंत्री की शिष्टाचार भेंट



जतिन शर्मा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता (YSM, AVSM, YSM) ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य एवं नागरिक प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सेना न केवल देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, बल्कि नागरिक समाज के साथ समन्वय स्थापित कर विकासात्मक कार्यों में भी सक्रिय सहभागिता कर रही है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य उत्तराखंड में सेना द्वारा स्थानीय समुदायों की सहायता हेतु विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। इसके साथ ही, प्राकृतिक आपदाओं के समय सेना द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों में जो सराहनीय सहयोग प्रदान किया जाता है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार, सेना की सभी महत्वपूर्ण पहलों में पूर्ण सहयोग प्रदान करती रहेगी। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने मुख्यमंत्री को सीमांत क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु मध्य कमान द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक विकास हेतु भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, सामुदायिक सहभागिता, युवाओं के साथ संवाद और अग्रिम



क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव दीपेंद्र चौधरी, विनोद कुमार सुमन और अन्य सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## घायलों का हाल-चाल जानने पहुंचे डॉ प्रेमचंद





जतिन शर्मा

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने एम्स ऋषिकेश में भर्ती मनसा देवी पैदल मार्ग पर हुई भगदड़ में घायल हुए लोगों का हालचाल जाना। डॉ अग्रवाल ने चिकित्सकों से इस दौरान वार्ता की। उन्होंने बताया कि 14 भर्ती घायलों में से सात को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया है, जबकि दो गंभीर अभी भर्ती हैं। डॉ अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा के द्वारा उचित उपचार दिया जा रहा है उन्होंने ईश्वर से दो गंभीर घायलों को भी स्वस्थ करने की कामना की।


गुरुकृपा दर्पण (राष्ट्रीय समाचार पत्र) को आवश्यकता है उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए ब्यूरो चीफ, कैमरा मैन, संवादाताओं की।
सम्पर्क करें –
9410731129, 9548880101


## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नवनिर्वाचित छोटी सरकार को प्रशिक्षित करने के दिए निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में पंचायतीराज विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि नव-निर्वाचित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों को आधुनिक तकनीकी, वित्तीय प्रबंधन और शासन प्रणाली पर प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में सबको समेकित प्रयास करने होंगे। गांवों के विकास से ही प्रदेश और देश का विकास संभव है। मुख्यमंत्री ने राज्य में 'एकीकृत पंचायत भवनों' का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इन एकीकृत पंचायत भवनों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पटवारी, आशा आदि के लिए एक स्थान पर ही व्यवस्था होगी। इनके वहां एक साथ बैठने के लिए रोस्टर भी बनाया जाए। इससे लोगों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों में बजट नियोजन को और बेहतर बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी ग्राम पंचायतों का सुनियोजित विकास हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पंचायतीराज विभाग यह भी आकलन करे कि आगामी 15 वर्षों में कितना ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्र में परिवर्तित होगा। यह आकलन राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम सभाओं के स्थापना दिवस उत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए ग्रामवासियों से संवाद किया जाए। इसके लिए नियमित कैलेंडर बनाया जाए। ग्राम स्तर पर होने वाले मेले, मिलन कार्यक्रम, प्रबुद्धजनों की जयंती एवं अन्य विशेष दिनों में भी यह स्थापना दिवस मनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र एवं जिला पंचायत में समेकित एवं संतुलित विकास किया जाए।

# सम्पादकीय

## भगदड़ का कारण



सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

मंदिर के मुख्य मार्ग की सीढ़ियों पर अचानक भगदड़ मच गई। कहा गया कि किसी ने यह अफवाह फैला दी कि रेलिंग में करंट दौड़ रहा है। नतीजा यह हुआ कि 8 श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई और लगभग 3० श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना हमें बताती है कि हम आज भी उन्हीं भूलों को दोहरा रहे हैं जिनका इतिहास दशकों पुराना है। मनसा देवी मंदिर पहाड़ी पर स्थित एक अत्यधिक लोकप्रिय शक्तिपीठ है, जहां सावन और नवरात्र जैसे पर्वों पर श्रद्धालुओं की भीड़ कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन इस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जो व्यवस्था होनी चाहिए, वह अक्सर उतनी ही कमजोर साबित होती है जितनी कि श्रद्धा प्रबल। यह पहली बार नहीं है जब हरिद्वार में ऐसा हुआ हो। इससे पहले 1986 के कुंभ मेले की भगदड़ में लगभग 2०० लोगों की मृत्यु हुई थी। 2०11 में हर की पैड़ी पर भी एक भगदड़ में 2० लोग मारे गए थे। इसी प्रकार 8 नवम्बर 2०11 को ही शांतिकुंज के एक कार्यक्रम में भी भगदड़ में 2० श्रद्धालुओं की मौत और 3० घायल हो गए थे। इन हादसों का पैटर्न लगभग एक जैसा रहा है, अत्यधिक भीड़, संकरे रास्ते, अफवाहें और प्रशासनिक लापरवाही। भगदड़ हादसों के मामले में हरिद्वार अकेला नहीं है। देश के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी इसी तरह की घटनाएं बार-बार होती रही हैं। 2०24 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक स्वयंभू बाबा के सत्संग में भगदड़ मची, जिसमें 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 2०22 में वैष्णो देवी मंदिर में भी नववर्ष के मौके पर भगदड़ मचने से 12 श्रद्धालुओं की जान गई।

# रक्षाबंधन पर इस बार भद्रा नहीं बनेगी खलनायक, दशकों बाद बना रह संयोग



हरिद्वार। इस वर्ष श्रावणी उपाकर्म व रक्षा बंधन का पर्व आगामी 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रावणी उपाकर्म ब्राह्मणों के प्रमुख पर्वों में से एक है। इस बार रक्षा बंधन का पर्व भद्रा रहित रहेगा। इस कारण से किसी भी समय रक्षा बंधन का पर्व मना सकते है। दशकों बाद ये संजोग बन रहा है। इसके चलते इस बार बहनें अपने भाइयों की कलाई पर सुबह से लेकर शाम तक राखी बांध सकती हैं। विदित हो कि शास्त्रों में उल्लेख है कि भद्रा में राखी नहीं बांधी जानी चाहिए। इस बार रक्षाबंधन के दिन सूर्य की पुत्री एवं शनि की बहन भद्रा भूलोक में नहीं होगी। भद्रा को शुभ कार्यों में अशुभ माना जाता है। पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक चार वर्णों के चार प्रमुख त्यौहार बताए गए हैं। जिनमें वैश्यों का प्रमुख पर्व दीपावली, क्षत्रियों का दशहरा, शुद्र वर्ण के लिए होली और ब्राह्मणों के लिए श्रावणी उपाकर्म प्रमुख है। इस दिन विप्र नदी के तट पर रक्षा सूत्र (जनेऊ) का संधान करते हैं तथा हिमाद्री स्नान आदी के साथ श्रावणी पर्व मनाते हैं। इस कारण से ब्राह्मणों के लिए रक्षा बंधन (श्रावणी पर्व) का विशेष महत्व है। पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के अनुसार रक्षाबंधन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को भद्रा रहित तीन मुहूर्त या उससे अधिक व्यापिनी पूर्णिमा तिथि को अपराह्न व प्रदोष काल में मनाया जाता है। हर वर्ष भद्रा राखी को प्रभावित करती है। दशकों बाद निर्विघ्न राखी का संयोग बन रहा है। इस बार भद्रा 9 अगस्त को सूर्य उदय से काफी पहले ही समाप्त हो जाएगी। शनिवार को दिन या रात में किसी भी प्रकार का भद्रा का साया नहीं रहेगा। रक्षाबंधन पर शनिवार का दिन श्रवण नक्षत्र व सौभाग्य योग का शुभ संयोग त्रिवेणी योग का निर्माण कर रहा है। इस दिन चंद्रमा मकर राशि में रहेंगे, इसके स्वामी शनि है, शनिवार के दिन के स्वामी भी शनि है, श्रावण नक्षत्र स्वयं शनि की राशि में आता है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार श्रवण नक्षत्र के अधिपति भगवान विष्णु है, जबकि सौभाग्य योग के अधिपति ब्रह्मा है। इसी कारण इस बार यह पर्व ब्रह्मा, विष्णु की दृष्टि में संपन्न होगा, जो इसे आध्यात्मिक दृष्टि से और भी अधिक सौभाग्यशाली बना रहे हैं।

# नगर क्षेत्र एवं हरकी पौड़ी क्षेत्रांतर्गत पर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सख्त



हरिद्वार नगर क्षेत्र एवं हरकी पौड़ी क्षेत्रांतर्गत पर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सख्त। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने सीसीआर हरकी पौड़ी से लेकर मनसा देवी उड़न खटोला गए तक किया स्थलीय निरीक्षण। सड़क के किनारे बनी नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण एवं लगाई गई दुकानों को नगर निगम एवं पुलिस को दिए तत्काल हटाने के निर्देश। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत मनसा देवी जाने वाले सभी सीढ़ी मार्ग को बंद करने के दिए निर्देश।

हरकी पौड़ी के पास सुभाष घट एवं नाई सोता घाट पर पार्क किए जा रहे दो पहिया वाहनों को हटाने के भी दिए निर्देश।

हर की पौड़ी क्षेत्रगत व्यापारियों के साथ नगर निगम,पुलिस एवं एचआरडीए के अधिकारियों को दिए बैठक करने के निर्देश।

वृहस्पतिवार को हरिद्वार नगर क्षेत्रांतर्गत एवं हरकी पौड़ी,मनसा देवी,अपर रोड पर किए गए अतिक्रमण का आज जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया तथा सड़क किनारे बनी नालियों के ऊपर लगी दुकानों को तत्काल नगर निगम एवं पुलिस को हटाने के दिए निर्देश।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि सड़क किनारे नालियों के ऊपर किसी भी तरह से अतिक्रमण न हो जिससे कि यातायात बाधित न हो। उन्होंने हरकी पौड़ी के पास स्थित सुभाष घाट एवं नाई सोता घाट पर पार्क किए जा रहे दो पहिया वाहनों को भी दिए हटाने के निर्देश। उन्होंने हर की पौड़ी क्षेत्रांतर्गत जो भी अवैध रूप से दुकानें संचालित हो रही है उन्हें भी तत्काल हटाने के दिए निर्देश।

उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए है कि जिन स्थानों पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है उन स्थानों के भूमि अभिलेखों को जांच करने के दिए निर्देश।

उन्होंने हर की पौड़ी क्षेत्रांतर्गत पार्क किए जा रहे दो पहिया वाहनों के संबंध में संबंधित व्यापारियों के साथ बैठक करने के निर्देश पुलिस,नगर निगम, एचआरडीए एवं उप जिलाधिकारी को दिए।

मां मनसा देवी मंदिर के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत मंदिर को जाने वाली सभी सीढ़ी मार्ग को बंद करने को दिए निर्देशउन्होंने अपर रोड से मनसा देवी उड़न खटोला तक मार्ग में दुकानदारों द्वारा लगाई गई त्रिपाल को तत्काल हटाने के दिए निर्देश।

उन्होंने झूलते विद्युत तारों को भीं दिए दुरस्त करने के दिए निर्देश।

इस अवसर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा कि व्यापारियों द्वारा सड़क किनारे नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाएगा इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाएगा ,उन्होंने यह भी कहा कि जो दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रही है ऐसी दुकानों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार हटाने की कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर आयुक्त नंदन सिंह,एसपी सिटी पंकज गैरोला, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार सिंह,अपर मेलाधिकारी कुंभ दयानंद सरस्वती,उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ,सीओ सिटी शिशुपाल नेगी, सीओ यातायात एसपी बलूनी, एसएचओ हरिद्वार रितेश शाह,हरकी पौड़ी चौकी इंचार्ज संजीत कंडारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन हरिद्वार की बड़ी कार्रवाई

हरिद्वार । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध दिये गये आदेशों के क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। तहसील रूड़की के अन्तर्गत लण्ढौरा मार्ग पर नायब तहसीलदार यूसुफ अली के नेतृत्व में अतिक्रमण के विरूद्ध चलाये गये अभियान में खसरा नम्बर 129 से 251० वर्ग मीटर भूमि कब्जा मुक्त कराते हुए सरकारी भूमि का बोर्ड लगाया गया। तहसील भगवानपुर के झीड़ियान ग्रंट गांव में अंबेडकर पार्क की भूमि खसरा नंबर 39० क्षेत्रफल 62० वर्ग मीटर जिसमें ग्रामीणों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ था। पार्क की भूमि को पुलिस बल की सहायता से अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जा ग्राम प्रधान एवं ग्राम सभा को दे दिया गया है। इसके साथ ही नौकराग्रांट गांव में अवैध कब्जेदार जोगेश कम्बोज पुत्र सेवाराम व सरदार मित्तर सिंह पुत्र मलखान के द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से किया गया पक्का निर्माण जेसीबी के द्वारा ध्वस्त करते हुए कब्जामुक्त किया गया।

darpan NEWS

देवेन्द्र जौहरी

**सहसम्पादक**

जतिन शर्मा

**सहसम्पादक**

विक्रान्त शर्मा

**कानूनी सलाहकार**

जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# सीएम अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत लाभार्थियों को सिलेंडर भरने के लिए धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से दी मिलेगी

विशाल रस्तोगी

देहरादून। मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत लाभार्थियों को सिलेंडर भरने के लिए धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से दी जाएगी। खाद्य विभाग इसके लिए व्यवस्था बनाएगा कि इस धनराशि का उपयोग लाभार्थी केवल सिलेंडर भरने के लिए ही कर सके। राज्य में ०1 लाख 84 हजार अन्त्योदय कार्डधारक परिवार इस योजना से जुड़े हैं, योजना का लाभ प्रदेश के लगभग 1० लाख लोग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह



सुनिश्चित किया जाए कि इस योजना का लाभ अन्त्योदय कार्डधारकों को शत-प्रतिशत मिले। मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सभी लाभार्थियों का डेटा अद्यतन किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य पात्र लोग बायोमैट्रिक कठिनाइयों के कारण राशन से वंचित न रहें, ऐसे सभी मामलों में ऑफलाइन प्रमाणीकरण या वैकल्पिक प्रणाली से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। खाद्यान्न भंडारण की वर्तमान क्षमता और गोदामों की भौतिक स्थिति की समीक्षा कर संरक्षित और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए ताकि किसी भी स्थान से राशन प्राप्त करने में कोई बाधा न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-पूर्ति पोर्टल पर रियल टाइम ट्रांजैक्शन डेटा की निगरानी सुनिश्चित की जाए। आधार सीडिंग एवं मोबाइल ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली को सशक्त बनाया जाए। फर्जी राशन कार्ड की पहचान कर संबंधित पर कार्रवाई की जाए। लापरवाही या अनियमितता बरतने वाले डीलरों और अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। हर माह समय पर सभी कार्डधारकों को संपूर्ण राशन उपलब्ध कराया जाए। दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में पूर्व-स्टॉकिंग की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राज्य गोदामों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार आधुनिकीकरण एवं विस्तार किया जाए। बफर स्टॉक की योजना हर जिले के लिए तैयार की जाए। मिड-डे मील एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को समयबद्ध ढंग से खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित हो। खाद्य शिकायत निवारण प्रणाली पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, एल. फैनई, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव बंशीधर तिवारी एवं खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड पंचायत चुनाव में 21 साल की प्रियंका नेगी सबसे कम उम्र में बनी मुख्यमंत्री धामी के गोद लिए गांव की ग्राम प्रधान

उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में गैरसैंण विकासखंड के आदर्श ग्राम सारकोट की 21 वर्षीय प्रियंका नेगी प्रधान पद पर विजयी निर्वाचित हुई हैं। प्रियंका ने बताया कि उन्होंने राजनीति शास्त्र से ग्रेजुएशन किया है। सारकोट गांव को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोद लिया हुआ है। उत्तराखंड में आज पंचायत चुनाव के परिणाम का दिन है. राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण ब्लॉक में राज्य की सबसे कम उम्र की यानी 21 साल की युवती ग्राम प्रधान बनी हैं। प्रियंका नेगी ने बताया कि वह राजनीति शास्त्र से ग्रेजुएट हैं और अपनी ग्राम सभा का विकास करना चाहती हैं। सीएम धामी को भी उनके



प्रधान बनने पर गर्व होगा, क्योंकि सबसे कम उम्र में प्रधान बनने का कीर्तिमान उनके गोद लिए गांव की प्रियंका नेगी ने जो बनाया है। प्रियंका नेगी ने कहा कि वो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का शुक्रिया अदा करना चाहती हैं कि उन्होंने उनके गांव को गोद लिया है. प्रियंका नेगी ने कहा कि वो अपने गांव की महिलाओं व युवाओं के लिए काम करना चाहती है, वो अपने गांव की महिलाओं को नई पहचान दिलाना चाहती है। वहीं उन्होंने कहा कि आज युवा नशाखोरी की ओर बढ़ रहा है, उन्हें रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार मुहैया कराई जाने की आवश्यकता है. उनके पिता इससे पूर्व 2 बार गांव के प्रधान रह चुके हैं, उन्हीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने राजनीति में आने का फैसला लिया है। चुनाव जीतने पर प्रियंका ने कहा कि सभी ग्रामवासियों के सहयोग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव लड़ा है. गांव के विकास को लेकर भविष्य की योजनाओं को लेकर उन्होंने कहा की हमारा गांव मुख्यमंत्री द्वारा गोद लिया गया है, जिसके तहत गांव के सभी घरों पर समान रंग लगाकर एकरूपता का संदेश दिया है. वहीं कई योजनाएं भी शुरू की गयी हैं। उन्होंने कहा की भविष्य में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा. वहीं नवयुवकों के लिए बेहतरीन शैक्षिणक माहौल बनाने के साथ ही रोजगार की तैयारी करने वाले युवाओं के वाले लिए भी ग्राम स्तर पर सुविधा जुटाने का काम किया जाएगा।

# मरीजों की सुविधा को 2० व्हील चेयर एवं स्ट्रेचर भेंट की

ऋषिकेश। नंदिनी फाउंडेशन ऋषिकेश की ओर से गुरुवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स ऋषिकेश को मरीजों की सुविधा के लिए 2० व्हील चेयर एवं स्ट्रेचर (ट्रॉली) भेंट की गई। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी एवं नंदिनी फाउंडेशन के प्रमुख हर्षवर्धन शर्मा ने संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ एम्स, ऋषिकेश प्रशासन को व्हील चेयर और स्ट्रेचर सौंपे। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा संस्थान को बीस व्हील चेयर और 1० स्ट्रेचर (ट्रॉलियां) भेंट की गई है। उन्होंने बताया कि एम्स में दिन प्रतिदिन पेशेंट्स की संख्या बढ़ रही है। उत्तराखंड ही नहीं उत्तर प्रदेश, हिमाचल, दिल्ली, हरियाणा, बिहार आदि प्रांतों से भी मरीज एम्स संस्थान में गंभीर रोगों के इलाज के लिए आ रहे हैं। लिहाजा कई बार मरीजों के आने से उपलब्ध संसाधन कम पड़ने लगते हैं। ऐसे में फाउंडेशन द्वारा मरीजों के निमित्त संस्थान को भेंट की गई व्हील चेयर ओर ट्रॉलियों का लाभ मरीजों को एंबुलेंस से इमरजेंसी, ट्रॉमा सेंटर एवं ओपीडी में चैकअप कराने में लाने ले जाने की सुविधा मिलेगी। जनसंपर्क अधिकारी ने संस्था द्वारा किए गए जनहित के इस पुनीत कार्य के लिए फाउंडेशन कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर संस्थान की डीन एकेडमिक प्रोफेसर जया चतुर्वेदी, एपीआरओ डॉ. श्रीलॉय मोहंती के अलावा श्रीभरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्न शर्मा, वरूण शर्मा, नगर निगम पार्षद राजेंद्र सिंह बिष्ट, रंजन अंथवाल, अशोक रस्तोगी आदि मौजूद थे।

# निराश्रित, बेसहारा गोवंश संरक्षण के लिए जिला प्रशासन ने स्वीकृत किए नए आश्रय

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनपद में गौ सदनों के संचालन हेतु गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक लेते हुए गोवंश के संरक्षण, भरण पोषण, गोसदन के सुचारू संचालन और नए गोसदनों की स्थापना हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गौ सदनों में स्थानीय पशु चिकित्सकों के माध्यम से सप्ताह में दो बार अनिवार्य रूप से गोवंश पशुओं का हेड काउंट कराया जाए। इसके अतिरिक्त पशु कल्याण बोर्ड गौ सदनों का रैंडमली निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने विकासखंड कालसी के खेरूवा में 15 पशु क्षमता का नया गोसदन संचालन के लिए 49.98 लाख की स्वीकृत प्रदान करते हुए जिला योजना में शीघ्र इसका प्रस्ताव भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु जिलाधिकारी द्वारा विकासनगर छरबा 22 लाख और प्रेमनगर (मौजा आरकेडिया ग्रांट) में 27.3 लाख के दो प्रस्तावों को पूर्व में ही मंजूरी दी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गोसदन में रहने वाले पशुओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच और बीमार व घायल पशुओं का उचित उपचार और टीकाकरण किया जाए। पशुओं को संतुलित आहार, स्वच्छ पानी और रहने की उचित जगह हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। नगर निगम देहरादून द्वारा पंजीकृत अर्ह गौसदनों में गोवंश की टैगिंग का कार्य पूर्ण न किए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए है कि नगर निगम अपने गोसदनो में रखे पशुओं की शत प्रतिशत टैगिंग कराते हुए शीघ्र इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि वर्तमान में देहरादून जनपद में 1 गोसदन पंजीकृत है। इसमें सहसपुर में 4, विकासनगर व डोईवाला में 2- 2 और चकराता व धर्मपुर में 1- 1 गोसदन शामिल है। इस दौरान सीवीओ ने विगत वित्तीय वर्ष में गौ सदनों के संचालन पर हुए व्यय विवरण और नए गोसदन के प्रस्ताव और गोसदन में पशुओं की टैगिक कार्यो की प्रगति से अवगत कराया।

# रजत जयंती वर्ष में स्वतंत्रता दिवस का हो भव्य आयोजन: मुख्य सचिव



देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में स्वतन्त्रता दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य एवं जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन के साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप, हाई एल्टीट्यूड साहसिक गतिविधियां, मैराथन, साईकिल, बाईक या कार रैली जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी की तर्ज पर विषय आधारित रन और वॉक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर के मुख्य शहरों के महत्त्वपूर्ण स्थलों में पुलिस, आर्मी, पैरामिलिट्री और एनसीसी के बैण्ड द्वारा संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी बात कही। कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग को भी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इस आयोजन में शामिल करने के लिए आगे आना होगा। मुख्य सचिव ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक पेड़ माँ के नाम जल संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु निर्मित अमृत सरोवरों में ध्वजारोहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को यह भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए कि सरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों में ध्वजारोहण के दौरान 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया 2002' के प्राविधानों का उल्लंघन न हो। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुबह 10 बजे परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य सचिव द्वारा सचिवालय में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। देहरादून को छोड़कर अन्य सभी जनपदों के जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रात: 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। देहरादून स्थित सभी सरकारी, गैरसरकारी भवनों पर प्रात: 9 बजे विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

# डीएम के सख्त निर्देश: जलभराव की शिकायतों को हल्के में न लें अधिकारी

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देश पर लोनिवि द्वारा अमित ग्राम गुमानीवाला में लोनिवि द्वारा 180 मीटर लम्बाई पर डेनेज कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिलाधिकारी विगत माह ऋषिकेश में जलभराव समस्या के समाधान को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे, तथा लोनिवि को बजट की स्वीकृति प्रदान करते हुए तत्काल कार्य प्रारम्भ कराने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था जिसमें 180 मीटर लम्बाई के ड्रेनज कार्य के सापेक्ष लगभग 144 मी० डेनेज कार्य (80 प्रतिशत) कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी हालत में ऋषिकेश शहर के जलभराव का समाधान करना है, इसके लिए लोनिवि को तत्काल खुदाई कर जलभराव के मुख्य कारक गुमानीवाला चौक ह्यूम पाइप ड्रेनेज की सफाई तथा अलाइमेंट कार्य को तत्काल करने के निर्देश दिए थे, जिसके लिए फंड की स्वीकृति जिलाधिकारी ने मौके पर ही जारी कर दी गई थी। अब यह कार्य 80 प्रतिशत् पूर्ण हो गया है। जिलाधिकारी ने शेष 20 प्रतिशत् कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के लोक निर्माण के अधिकारियों से कड़े शब्दों में कहा कि जनमानस, महिला, बुजुर्ग,बच्चों को जलमग्न नहीं रहने दे सकते।उन्होंने अधिकारियों को किसी भी हालत में ऋषिकेश शहर के जलभराव समाधान करने के निर्देश दिए थे, जिसके फल स्वरुप जल भराव से निकासी का कार्य प्रारंभ कर दिया है। ऋषिकेश शहर में बरसात के दौरान जलजमाव की समस्या पर जिलाधिकारी ने जल निगम को पानी निकासी के लिए ठोस प्लानिंग के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। गुमानीवाला अमित ग्राम के पास नाली चौक होने की समस्या का निस्तारण पानी निकासी के लिए पूर्व में बिछाई गए ह्यूम पाइप को निकाल कर उसका एलाइनमेंट ठीक करने को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम कार्य चल रहा है तथा 80 प्रतिशत् कार्य पूर्ण हो गया है।

# जनता ने दिव्या बेलवाल को जिला पंचायत सदस्या, सविता शर्मा को ग्राम प्रधान पर जीत दिलाई



दिव्या बेलवाल,
निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य।



सविता शर्मा,
निर्वाचित ग्राम प्रधान हरिपुर कलां



बाएं से लक्ष्मी जुगरान, पूजा गवाडी, मितिका शर्मा, निर्वाचित हरिपुर कला क्षेत्र पंचायत सदस्य।

जतिन शर्मा

देहरादून/रायवाला। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव – उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का वोटिंग प्रोसेस दो फेज में पूरा हो गया है। हरिद्वार को छोड़कर अन्य सभी जनपदों में पंचायत चुनाव हुए। राजनीति में उलटफेर देखने को मिला, पहले जनता ने जिसको विजय हासिल कराई थी अबकी बार जनता ने उन्हे स्वीकार नही किया। जनपद देहरादून के हरिपुर कला जो कि जनपद हरिद्वार की सीमा से सटा है में रोचक परिणाम सामने आए। हरिपुर कला प्रधान पद के लिए सविता शर्मा विजय हुई। हरिपुर कला क्षेत्र पंचायत के लिए लक्ष्मी जुगरान ( चुनाव निशान अंगूठी, वोट मिले 879 ), पूजा गवाडी ( चुनाव निशान कठहल, वोट मिले 971 ), मितिका शर्मा ( चुनाव निशान कांटा, वोट मिले 516 ), ने विजय हासिल कर परचम लहराया। वहीं रायवाला से जिला पंचायत पद पर दिव्या बेलवाल ( चुनाव निशान उगता सूरज, वोट मिले 9638 ) विजय हुई, दिव्या ने पहले भी जिला पंचायत सदस्य पद पर जीत हासिल की थी। जनता के बीच उनके कार्य सराहनीय रहे, इन्ही कारणो के चलते दिग्गज नेताओं की उपस्थिति भी दिव्या को विजय हासिल करने से नही रोक पाई। यह चुनाव इसलिए भी रोचक हो गया क्योंकि इसमें हरिद्वार से राज्यसभा सांसद, राज्य मंत्री और कुछ पार्षदों ने हस्तक्षेप किया जिसको जनता जनार्दन ने एकतरफा नकार दिया। हरिद्वार नेता बनाम हरिपुर कला जनता का वाक्या सोशल मीडिया पर वायरल होने से स्थानीय जनता में रोष उत्पन्न करने वाली स्थिति बन गई। जनपद देहरादून के अंतर्गत हरिपुर कला में सविता शर्मा के विरोध में पहुंचे हरिद्वार के पार्षदों को जनता के भारी विरोध के कारण पोलिंग बूथ माउंट मैरी के पास एक घर में बंद होकर छुपना पड़ा, बाद में पुलिस की उपस्थिति में स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन की निगरानी में देर शाम उनको सुरक्षित हरिद्वार भेजा गया। हरिपुर कला में प्रधान पद पर सविता शर्मा ( चुनाव निशान अनानास, वोट मिले 4344 ) से जनता का विश्वास हासिल कर विजय हुई। वहीं हरिपुर कला में ग्राम पंचायत सदस्य सुभाष जुगलान, मुकेश कंडवाल, दीपक सिंह, मनोज शर्मा, आशीष कुकरेती, सूरज सुंदरियाल, वैभव अरोड़ा, मोनिका रावत, प्रतिमा शर्मा, बबीता चौहान, प्रीति बहुखंडी, सविता कुकरेती, लक्ष्मी यादव, ममता पासवान, रुचि पाल( निर्विरोध ) ने जीत हासिल की। पुलिस प्रशासन के सहयोग से चुनाव सकुशल संपन्न हुआ।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक
**देवेन्द्र जौहरी** द्वारा
साप्ताहिक समाचार पत्र
**''गुरुकृपा दर्पण''** को
रूद्र प्रिंटिंग प्रेस, ई-34,
ओल्ड इड्रस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं
एस-3, अशोक विहार कालोनी,
कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
से प्रकाशित।
सम्पादक: **देवेन्द्र जौहरी**
मो. – **9997331129**
E-mail :
gurukripadarpan@gmail.com